त्रैमासिक परीक्षा 2018-2019
हिन्दी साहित्य

कक्षा : VIII
समय : 2 घंटे 15 मिनट पूर्णांक : 80

किन्हीं पाँच प्रसंगों के प्रश्नों के उत्तर लिखें। [16x5=80]

प्र.1. हो गए एक आन में उनके बुरे दिन भी भले।
सब जगह सब काल में वे ही मिले फूले-फले। [4x4=16]

(क) कर्मवीर किस स्थिति से घबराते नहीं है, क्यों ?

(ख) किसके बुरे दिन एक पल में अच्छे दिनों में बदल जाते हैं। कैसे ?

(ग) कवि का नाम लिखते हुए इस कविता का उद्देश्य स्पष्ट करें।

(घ) शब्दार्थ लिखें :- व्योम, विविध, जी, कार्बन ।

प्र.2. "राजा के महावतों ने हाथी छोड़ दिया। हाथी उन लोगों के पास पहुँच कर चिंघाड़ता हुआ वापस लौट गया।" [4x4=16]

(क) मैदान में लेटे हुए गाँव वालों को हाथी बिना कुचले क्यों लौट गया?

(ख) राजा गाँववालों को दंड क्यों देना चाहते थे ? अंत में गाँव वालों से उन्हें माफी माँगनी पड़ी, क्यों ?

(ग) गाँववालों के परिश्रम से गाँव में क्या-क्या परिवर्तन हुए ? इसका परिणाम क्या हुआ ?

(घ) मानव जीवन किस कार्य के लिए हुआ है ? यदि आपको यह अवसर प्राप्त हो तो आप क्या करना चाहेंगे और कैसे ?

{Turn Over}

Downloaded From www.icseboard.org

प्र.3. "पुलिस से उसका पुराना रिश्ता था। चाहे कोई भी हो, दबना तो उसने सीखा ही नहीं था। **[4x4=16]**

(क) गोपी चपरासी का चरित्र-चित्रण करें।

(ख) दूसरों के खेत से घास लेने के बारे में गोपी के क्या विचार थे ? इससे समाज का कौन-सा पक्ष उजागर होता है ?

(ग) गोपी में सहज ज्ञान था। एक उदाहरण द्वारा स्पष्ट करें।

(घ) 'उसमें ऐसा कुछ था जो मनुष्य को मनुष्य बनाता है' - आशय स्पष्ट करें ।

प्र.4. "ऐसा न कहो, उन्हें भी भारत में जीना-मरना है। हमारी तरह भारत उनकी भी जन्मभूमि हो चुकी है।' **[4x4=16]**

(क) उपर्युक्त कथन किसका है ? उन्होंने ऐसा क्यों कहा ?

(ख) तातार खाँ और हिन्दू बेग कौन थे ? वे हुमायूँ की बात का विरोध क्यों कर रहे थे ?

(ग) कर्मवती ने हुमायूँ को राखी क्यों भेजी ? इसका परिणाम क्या हुआ ?

(घ) इस एकांकी से हमें क्या शिक्षा मिलती है। राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने में आप अपना सहयोग किस प्रकार दे सकते हैं?

प्र.5. "पुरानी पत्रिका हूँ। बड़े भाई पढ़ने के शौकीन थे। वे किसी को हाथ न लगाने देते थे। अब इन्हें कीड़े खा रहे हैं। कोई पूछता भी नहीं है।" **[4x4=16]**

(क) पंडित शादीराम ने कर्ज किससे लिया था ? वे कर्ज क्यों नहीं चुका पा रहे थे ?

(ख) लाला सदानंद ने पंडित जी के घर क्या देखा ? उन्होंने पंडित शादीराम को क्या सुझाव दिया ?

(ग) लाला सदानंद ने किस प्रकार पंडित शादीराम की मदद की। मदद करने का यह मार्ग उन्होंने क्यों चुना ?

(घ) पंडित शादीराम को लाला सदानंद के सिरहाने से क्या मिला? इसका उनके मन पर क्या प्रभाव पड़ा ?

प्र.6. चमक रहा उत्तुंग हिमालय, यह नगराज हमारा ही है
जोड़ नहीं धरती पर जिसका, यह नगराज हमारा ही है। **[4x4=16]**

(क) हिमालय को संसार में बेजोड़ क्यों कहा गया है ? क्या आज भी यह हमारा प्रहरी है ?

(ख) 'महारथी' किसे कहा जाता हैं। किन्हीं पाँच महारथियों के नाम लिखें। इनमें से किसी एक का संक्षिप्त परिचय दें।

(ग) 'जग की हम तो भीख न लेंगे - से कवि का क्या तात्पर्य है?

(घ) शब्दार्थ लिखें :- नगराज, भव्य, उत्कर्षमयी, कदली

Downloaded From www.icseboard.org